हरियाणा के गुरुग्राम में बनाया जाएगा हेलीहब

चर्चा में क्यों?

4 जनवरी, 2022 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने कार्यालय में नागरिक उडनन्यन विभाग, एचएसआईआईडीसी, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि गुरुग्राम में हेलीहब बनाया जाएगा, जहाँ पर हेलीकॉप्टरों के लिये हेलीपोर्ट से लेकर उनके हैंगर, रिपेयर समेत अनेक एविएशन फेसलिटी उपलब्ध होंगी।

प्रमुख बिंदु

- यह हेलीहब देश में अपनी तरह का ऐसा पहला हब होगा, जहाँ पर हेलीकॉप्टरों के लिये एक ही स्थान पर उक्त सारी सुविधाएँ होंगी।
- उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जिनके पास नागरिक उडनन्यन विभाग का प्रभार भी है, ने बताया कि गुरुग्राम में जिस स्थान पर हेलीहब बनाया जाएगा, वहाँ से मैट्रो की सुविधा भी नज़दीक होगी और नोएडा, भिवानी आदि औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ाव भी सहज होगा।
- उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त प्रस्तावित हेलीहब के संबंध में विस्तार से प्रोजेक्ट तैयार करें और ज़मीन लेने व अन्य सुविधाओं को शुरु करने में आने वाली अड़चनों को दूर कर कार्य आरंभ करें।
- विदित हो कि दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से राज्य में नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाएँ शुरू की गई हैं और पहले से चालू परियोजनाओं में तेज़ी लाई जा रही है।
- हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा को विस्तार से तैयार करने व डिफेंस से संबंधित अन्य परियोजनाएँ आरंभ करने पर तेज़ी से कार्य किया जा रहा है।
- एयरपोर्ट के आस-पास बने शेड को हटाने, हवाई अडन्न परिसर में नए हैंगर व एप्रोन बनाने, धांसू रोड पर रनवे के निर्माण कार्य, कंस्ट्रक्शन साइट पर बिजली पोल व लाइन हटाने, 33 किलोवाट के सब स्टेशन की स्थापना, ऑब्जरवेशन होम को ढहाने, टर्मिनल तथा अन्य भवन निर्माण को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये गए हैं।
- हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नागरिक उडनन्यन विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि वे भिवानी, नारनौल तथा पिंजौर हवाई पट्टी के आस-पास अतिरिक्त ज़मीन तलाशें, ताकि एविएशन से संबंधित अन्य गतिविधियों को विस्तार रूप दिया जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/helihub-to-be-built-in-gurugram-haryana